संख्या-362/2021/1534रासनि/23-1-21-44रासनि/20टीसी

प्रेषक,

राज कुमार,
अनु सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

प्रमुख अभियंता (विकास) एवं विभागाध्यक्ष,
लोक निर्माण विभाग,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

लोक निर्माण अनुभाग-1 **लखनऊः दिनांक 21 दिसम्बर, 2021**

विषय- वित्तीय वर्ष 2021-22 में अनुदान सं0-58 लेखाशीर्षक-3054 के अन्तर्गत राज्य सड़क निधि से जनपद प्रयागराज एवं कौशाम्बी के 31 मार्गों के कार्य हेतु प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक मुख्य अभियंता (मु0-1), लोक निर्माण विभाग, लखनऊ के संलग्न तालिका के स्तम्भ-2 में उल्लिखित पत्रों द्वारा उपलब्ध कराये गये आगणन/प्रस्ताव के संबंध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि **जनपद प्रयागराज एवं कौशाम्बी के 31 मार्गों के कार्य** हेतु कुल लागत रू0 20,56,35,000/- (रूपये बीस करोड़ छप्पन लाख पैतीस हजार मात्र) की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति के साथ चालू वित्तीय वर्ष 2021-22 में अनुदान सं0-58 के लेखाशीर्षक 3054 के अन्तर्गत राज्य सड़क निधि से कुल रू0 4,11,30,000/- (रूपये चार करोड़ ग्यारह लाख तीस हजार मात्र) की वित्तीय स्वीकृति निम्नलिखित शर्तो एवं प्रतिबन्धों के अधीन निर्गत किये जाने की श्री राज्यपाल सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं।

(1) प्रश्नगत कार्यों की द्विरावृत्ति को रोकने की दृष्टि से प्रमुख अभियंता(विकास) एवं विभागाध्यक्ष, लो0नि0वि0, लखनऊ द्वारा सुनिश्चित किया जायेगा कि उक्त कार्य पूर्व में किसी अन्य योजना/कार्यक्रम के अन्तर्गत न तो स्वीकृत है और न वर्तमान में किसी अन्य योजना/कार्यक्रम में आच्छादित किया जाना प्रस्तावित है। यदि द्विरावृत्ति पायी जाय तो उस स्वीकृति को निरस्त करते हुए संबंधित कार्य पर आवंटित धनराशि शासन को तत्काल समर्पित की जाय।

(2) प्रश्नगत कार्यों को उस समय तक प्रारम्भ न किया जाय और न ही उन पर कोई व्यय भार लिया जाय जब तक कि स्वीकृत लागत के अन्तर्गत विस्तृत आगणन गठित कर उस पर सक्षम अधिकारी द्वारा प्राविधिक स्वीकृति प्रदान न कर दी जाय। यदि यह कार्यवाही सुनिश्चित नहीं की जाती है तो समस्त उत्तरदायित्व संबंधित मुख्य अभियंता/अधीक्षण अभियंता/अधिशासी अभियंता का होगा।

(3) प्रमुख अभियंता(विकास) एवं विभागाध्यक्ष, लो0नि0वि0, लखनऊ द्वारा यह सुनिश्चित किया जायेगा की परियोजना में जी0एस0टी0 की धनराशि समय-समय पर स्वीकृति/आवंटित की जा रही धनराशि के सापेक्ष नियमानुसार जमा की जायेगी।

(4) लेबरसेस की एक प्रतिशत धनराशि इस शर्त के अधीन होगी कि श्रम विभाग को उक्त धनराशि का भुगतान किया जायेगा।

(5) प्रश्नगत कार्यों हेतु आवंटित धनराशि का उपयोग प्रत्येक दशा में 31 मार्च, 2022 तक कर लिया जाय। कार्य सम्पादन के अनुरूप उपयोगिता प्रमाण पत्र दिनांक 30 अप्रैल 2022 तक शासन को निश्चित रूप से उपलब्ध करा दिया जाय।

(6) प्रश्नगत कार्यों हेतु आवंटित धनराशि के सापेक्ष व्यय, वित्त विभाग द्वारा निर्गत आदेशों/ज्ञापों में उल्लिखित शर्तों के अनुसार बजट मैनुअल एवं वित्तीय हस्तपुस्तिका के नियमों, स्थायी आदेशों आदि तथा राज्य सड़क निधि नियमावली में किये गये प्राविधानों का अनुपालन सुनिश्चित करते हुए किया जाय तथा किसी भी दशा में प्रश्नगत कार्य हेतु आवंटित धनराशि का उपयोग किसी अन्य मद में न किया जाय।

(7) राज्य सड़क निधि हेतु गठित उ0प्र0 राज्य सड़क निधि प्रबंधन समिति द्वारा अनुमोदित परियोजनाओं/प्रयोजनों के लिये ही स्वीकृत/आवंटित धनराशि का उपयोग किया जायेगा। यह सुनिश्चित किया जाय कि जिन प्रयोजनों हेतु राज्य सड़क निधि से धनराशि स्वीकृत हुई है वह उसी प्रायोजन हेतु व्यय की गयी है। विभाग द्वारा यह भी सुनिश्चित किया जाय कि कार्य की स्वीकृति प्राप्त होने के बाद कार्य की अव्यवहारिकता दर्शाते हुए स्वीकृति निरस्त न हो।

(8) प्रश्नगत कार्य निर्धारित व अनुमोदित मानकों एवं विशिष्टियों के अनुरूप सम्पादित कराये जाय ताकि उच्च गुणवत्ता सुनिश्चित हो सके। यदि किसी अपरिहार्य परिस्थितिवश निर्धारित मानकों/विशिष्टियों में परिवर्तन किया जाना अपेक्षित हो तो, उक्त परिवर्तन/विचलन शासन की पूर्वानुमति से ही किया जाय। प्रमुख अभियंता(विकास) एवं विभागाध्यक्ष, लो0नि0वि0, लखनऊ द्वारा सुनिश्चित किया जायेगा कि आगणन में किसी भी प्रकार की त्रुटि न होने पाये।

(9) इस निधि से स्वीकृत कार्य की वित्तीय/भौतिक प्रगति प्रत्येक माह शासन को उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित किया जाय।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.gov.in

(10) विभाग द्वारा यथावश्यक वैधानिक अनापत्तियां एवं पर्यावरणीय क्लियरेन्स नियमानुसार सक्षम स्तर से प्राप्त करके ही निर्माण कार्य प्रारम्भ किया जायेगा।

(11) प्रमुख अभियंता(विकास) एवं विभागाध्यक्ष, लोक निर्माण विभाग, लखनऊ द्वारा वित्त विभाग के शासनादेश सं0-3/2021/बी-1-375/दस-2020-231/ 2021 दिनांक 22.03.21 का अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

2- इस संबंध में होने वाला व्यय प्रथमतः चालू वित्तीय वर्ष 2021-22 के अनुदान संख्या-58 के अन्तर्गत लेखाशीर्षक "3054-सड़क तथा सेतु-04-जिला तथा अन्य सड़कें-337-सड़क निर्माण कार्य-05-राज्य सड़क निधि से सड़कों का अनुरक्षण-0029-अनुरक्षण" के नामे डाला जायेगा और अन्ततः लोक लेखे के "लेखाशीर्षक-8225-सड़क एवं सेतु निधि-02-राज्य सड़क एवं सेतु निधि-101-राज्य सड़क व सेतु निधि-01-राज्य सड़क व सेतु निधि-01-राज्य सड़क निधि" में डेबिट करते हुए समतुल्य धनराशि अनुदान सं0-58 के "भाग-4 के वसूलियों-लेखाशीर्षक-3054-सड़क तथा सेतु-04-जिला तथा अन्य सड़कें-337-सड़क निर्माण कार्य-05 राज्य सड़क निधि से सड़कों का अनुरक्षण (8225)-29-अनुरक्षण" में जमा किया जायेगा ।

भवदीय,

(राज कुमार)
अनु सचिव ।

संख्या-362/2021/1534**रासनि(1)/23-1-21, तददिनांक।**

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1- महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी), उत्तर प्रदेश, प्रयागराज।
2- जिलाधिकारी/कोषाधिकारी, संबंधित जनपद।
3- मुख्य अभियंता(मुख्यालय-1), लोक निर्माण विभाग, लखनऊ ।
4- मुख्य अभियंता, संबंधित क्षेत्र, लोक निर्माण विभाग।
5- वित्त नियंत्रक, लोक निर्माण विभाग, उत्तर प्रदेश लखनऊ ।
6. प्रमुख वन संरक्षक, उत्तर प्रदेश।
7. वेब मास्टर, लोक निर्माण विभाग, उ0प्र0 शासन, लखनऊ ।
8. वेब अधिकारी, लोक निर्माण विभाग, उ0प्र0 लखनऊ ।
9. लोक निर्माण अनुभाग-10/वित्त (व्यय-नियंत्रण) अनुभाग-8
10. नोडल अधिकारी (आनलाइन बजट एलॉटमेंट सिस्टम), लोक निर्माण विभाग, उ0प्र0 शासन।
11. गार्ड फाइल ।

आज्ञा से,

(राज कुमार)
अनु सचिव ।

http://shasanadesh.up.gov.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

शासनादेश सं0-362/2021/1534रासनि/23-1-21-44रासनि/20टीसी, दिनांक 21.12.2021 का संलग्नक

(धनराशि रू0 लाख में)

क्र	मुख्य अभियंता (मु0–1), लो0नि0वि0, लखनऊ	जनपद	कार्य का नाम	लम्बाई (कि0मी0 में)	लागत	अवमुक्त धनराशि
1	2	3	4	5	6	7
1	390/पी0जे011/40 पी0जे0/प्र0क्षे0/21, दि0 30.11.2021	प्रयागराज	हण्डिया लक्षागृह सम्पर्क मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य।	6.000	79.64	15.93
2	390/पी0जे011/40 पी0जे0/प्र0क्षे0/21, दि0 30.11.2021	प्रयागराज	बरौत टेला सम्पर्क मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य।	7.300	78.19	15.64
3	390/पी0जे011/40 पी0जे0/प्र0क्षे0/21, दि0 30.11.2021	प्रयागराज	लक्षागृह गोडश्रीमती गोन्दौरा हरीपुर सिंधवार सम्पर्क मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य।	6.000	66.69	13.34
4	409/पी0जे011/40 पी0जे0/प्र0क्षे0/21, दि0 01.12.2021	प्रयागराज	मेजा रोड खीरी मार्ग पर इटवा कला सोसाइटी से महुली कला सम्पर्क मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य।	5.000	50.09	10.02
5	409/पी0जे011/40 पी0जे0/प्र0क्षे0/21, दि0 01.12.2021	प्रयागराज	इटवा से सोगाही सम्पर्क मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य।	4.000	40.18	8.04
6	409/पी0जे011/40 पी0जे0/प्र0क्षे0/21, दि0 01.12.2021	प्रयागराज	मेजा कोहडारघाट खीरी से चॉद खमरिया सम्पर्क मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य।	1.500	56.59	11.32
7	409/पी0जे011/40 पी0जे0/प्र0क्षे0/21, दि0 01.12.2021	प्रयागराज	जे0ए0एम0 मार्ग से बिसहिजन कला खुर्द सम्पर्क मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य।	1.000	48.19	9.64
8	409/पी0जे011/40 पी0जे0/प्र0क्षे0/21, दि0 01.12.2021	प्रयागराज	अन्दावा चेक पोस्ट से ओल्ड ए0 जी0 मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य।	1.200	41.39	8.28
9	409/पी0जे011/40 पी0जे0/प्र0क्षे0/21, दि0 01.12.2021	प्रयागराज	जी0टी0 रोड कि0मी0 227 से सराय रहिया मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य।	3.000	92.21	18.44
10	409/पी0जे011/40 पी0जे0/प्र0क्षे0/21, दि0 01.12.2021	प्रयागराज	मदारपुर इण्टर कालेज से गुलालपुर मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य।	1.000	42.60	8.52
11	354/40पी0जे0/पी0जे0 11 /प्र0क्षे0, दि0 11.11.2021	प्रयागराज	मऊआइमा से सराय ख्वाजा सम्पर्क मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य।	0.600	56.31	11.26
12	402/पी0जे011/40 पी0जे0/प्र0क्षे0/21, दि0 01.12.2021	कौशाम्बी	कौशाम्बी हिनौता सम्पर्क मार्ग(अ0जि0मा0) कि0मी0 1 एवं 2 का विशेष मरम्मत का कार्य।	2.000	61.54	12.31
13	402/पी0जे011/40 पी0जे0/प्र0क्षे0/21, दि0 01.12.2021	कौशाम्बी	मूरतगंज राजापुर से दलेलागंज सम्पर्क मार्ग का विशेष मरम्मत के साथ नवीनीकरण का कार्य	2.000	182.76	36.55
14	402/पी0जे011/40 पी0जे0/प्र0क्षे0/21, दि0 01.12.2021	कौशाम्बी	टिकरी पौरकाशीरामपुर सम्पर्क मार्ग का विशेष मरम्मत का कार्य।	3.300	49.24	9.85
15	402/पी0जे011/40 पी0जे0/प्र0क्षे0/21, दि0 01.12.2021	कौशाम्बी	सिराथू करारी रक्सवारा मार्ग का विशेष मरम्मत के साथ नवीनीकरण का कार्य	0.750	63.32	12.66
16	413/पी0जे011/40 पी0जे0/प्र0क्षे0/21, दि0 03.12.2021	कौशाम्बी	कुरई पक्की सड़क से छबिलवा सम्पर्क मार्ग का विशेष मरम्मत का कार्य।	3.000	70.54	14.11
17	413/पी0जे011/40 पी0जे0/प्र0क्षे0/21, दि0 03.12.2021	कौशाम्बी	पथराई कुरई वाया उमरछा से कोरो सम्पर्क मार्ग का विशेष मरम्मत का कार्य।	1.20	48.56	9.71
18	413/पी0जे011/40 पी0जे0/प्र0क्षे0/21, दि0 03.12.2021	कौशाम्बी	मोहम्मदपुर से शेखपुर रसूलपुर होते हुए मीरनपुर तक मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य।	5.000	65.22	13.04
19	413/पी0जे011/40 पी0जे0/प्र0क्षे0/21, दि0 03.12.2021	कौशाम्बी	सटई चौराहा से कौडिया तक मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य।	5.000	118.75	23.75
20	413/पी0जे011/40 पी0जे0/प्र0क्षे0/21, दि0 03.12.2021	कौशाम्बी	रहौनी से बेनीराम कटरा तक मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य।	8.000	94.18	18.84
21	413/पी0जे011/40 पी0जे0/प्र0क्षे0/21, दि0 03.12.2021	कौशाम्बी	रैय्या देहमाफी से पहाड़पुर चन्दईतारा होकर मनौरी भरवारी मुख्य मार्ग तक मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य।	3.200	48.68	9.74
22	413/पी0जे011/40 पी0जे0/प्र0क्षे0/21, दि0 03.12.2021	कौशाम्बी	मखऊपुर से दरियापुर कटरा चोराडीह मार्ग तक मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य।	6.000	79.83	15.97
23	413/पी0जे011/40 पी0जे0/प्र0क्षे0/21, दि0 03.12.2021	कौशाम्बी	भिखारी का पुरवा से रामनगर होकर रहौनी तक मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य।	2.000	42.85	8.57

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

क्र	मुख्य अभियंता (मु0–1), लो0नि0वि0, लखनऊ	जनपद	कार्य का नाम	लम्बाई (कि0मी0 में)	लागत	अवमुक्त धनराशि
1	2	3	4	5	6	7
24	413/पी0जे011/40 पी0जे0/प्र0क्षे0/21, दि0 03.12.2021	कौशाम्बी	बिगेरा उस्मानपुर सम्पर्क मार्ग के सी0सी0 रोड एवं नाली निर्माण के विशेष मरम्मत का कार्य।	0.500	57.85	11.57
25	413/पी0जे011/40 पी0जे0/प्र0क्षे0/21, दि0 03.12.2021	कौशाम्बी	बसुहार लिंक मार्ग पर सी0सी0 रोड एवं नाली निर्माण के विशेष मरम्मत का कार्य।	0.600	53.24	10.65
26	413/पी0जे011/40 पी0जे0/प्र0क्षे0/21, दि0 03.12.2021	कौशाम्बी	औधन लिंक मार्ग से दुल्हापुर मार्ग पर सी0सी0 रोड एवं नाली निर्माण के विशेष मरम्मत का कार्य।	0.750	75.55	15.11
27	413/पी0जे011/40 पी0जे0/प्र0क्षे0/21, दि0 03.12.2021	कौशाम्बी	हसनपुर सम्पर्क मार्ग पर सी0सी0 रोड एवं नाली निर्माण के विशेष मरम्मत का कार्य।	1.500	52.84	10.57
28	413/पी0जे011/40 पी0जे0/प्र0क्षे0/21, दि0 03.12.2021	कौशाम्बी	औधन से सेवढा लिंक मार्ग पर सी0सी0 रोड एवं नाली निर्माण की विशेष मरम्मत का कार्य।	2.000	57.03	11.41
29	413/पी0जे011/40 पी0जे0/प्र0क्षे0/21, दि0 03.12.2021	कौशाम्बी	जी0टी0 रोड पूरामुफ्ती से मातपुर मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य।	1.500	52.59	10.52
30	413/पी0जे011/40 पी0जे0/प्र0क्षे0/21, दि0 03.12.2021	कौशाम्बी	महगांव इण्टर कालेज के सामने से मलाक मोहिउद्दीनपुर का विशेष मरम्मत का कार्य।	1.050	47.13	9.43
31	413/पी0जे011/40 पी0जे0/प्र0क्षे0/21, दि0 03.12.2021	कौशाम्बी	मनौरी सराय अकिल कौशाम्बी मार्ग राज्य मार्ग –95 का विशेष मरम्मत के साथ नवीनीकरण का कार्य (कि0मी0– 9,10,11(500)	2.500	82.57	16.51
			योग		2056.35	411.30

(राज कुमार)
अनु सचिव ।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.gov.in